# कार्यालय नियंत्रक(जिला कलक्टर)नागरिक सुरक्षा सवाई माधोपुर

क्रमांकः—प.15(16)/सहा./ना.सु./बजट/2024/3197 दिनांकः— 04.10.2024

संयुक्त शासन सचिव महोदय,
आपदा प्रबन्धन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग,
राजस्थान, जयपुर।

विषयः— बजट आवंटन करने बाबत्।

प्रसंगः— आपका पत्रांकः एफ.8 (1) आ.प्र. एवं सहा./बाढ़/2024/राजकाज 8184896 जयपुर दिनांक 20.06.2024 के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि जिले में बाढ बचाव व्यवस्था हेतु जिला स्तरीय बाढ नियंत्रण कक्ष में 15 जून 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक 21 नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की ड्यूटी लगाई गई थी। एवं जिले में भारी बारिश को देखते हुए बाढ बचाव व्यवस्था हेतु माह अगस्त में 21 नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के अतिरिक्त 15 स्वयंसेवकों को 20 दिवस हेतु अतिरिक्त लगाए गए थे। उक्त स्वयंसेवको का मानदेय भुगतान एंव रेस्क्यू वाहन के डीजल एवं सर्विस के बिलों के भुगतान हेतु कुल राशि रूपये 19,00,500 रूपये की आवश्यकता है

जिसमे से मानसून वर्ष 2024 में बाढ बचाव व्यवस्था हेतु आवंटित रिवोल्विंग फंड राशि रूपये 10.00 लाख में से कुल 6,67,113/— का उपयोग नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के मानदेय भुगतान हेतु उपयोग कर लिया गया है, एवं शेष राशि रूपये 12,33,387/— की आवश्यकता है।

अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि राशि रूपये 12,33,387/—बजट आवंटन करने की कृपा करें जिससे संबंधित को भुगतान किया जा सकें।

(जगदीश आर्य)
प्रभारी अधिकारी सहायता
एवं अति. जिला कलेक्टर
सवाई माधोपुर